Need to construct weirs to ensure continuous flow of water in Koel and Amanat rivers in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand-laid

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य शहर मेदिनीनगर है जो कोयल नदी एवं अमानत नदी के तट पर बसा हुआ है और ये दोनों नदियाँ वहाँ के लोगों के लिए लाइफ लाइन है, परंतु दुर्भाग्यवश गर्मी के दिनों में दोनों नदियाँ बिल्कुल सूख जाती है तथा मेदिनीनगर शहर का जल स्तर काफी नीचे चला जाता है जिसके चलते शहर में पाइप के माध्यम से वहाँ के निवासियों को पेयजल उपलब्ध कराना दुष्कर हो जाता है । इतना ही नहीं वहाँ इतनी प्रचंड गर्मी पड़ती है कि जलस्तर नीचे चले जाने से सारे चापाकल एवं डीप बोरिंग बेकार हो जाते हैं । यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि पलामू जिला Rain Shadow Area में पड़ता है जहाँ पर हर साल पर्याप्त मात्रा में वर्षा नही होती है अतः हमेशा सुखाड़ की स्थिति बनी रहती है साथ ही साथ जलस्तर नीचे चला जाता है जिससे पेयजल का भी संकट उत्पन्न हो जाता है । ऐसी स्थिति में जलस्तर को बनाये रखने के लिए यह आवश्यक है कि कोयल एवं अमानत नदी में दो-तीन जगहों पर वियर (Weir) बनाया जाये ताकि दोनों नदियों में हमेशा पानी मौजूद रहे ।

जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि इस योजना को क्रियान्वित कराने की कृपा करेंगे ।